## न्यूज डायरी



### अमेरिका में बच्चों को सैनिटाइजर से हो रहा खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के कहर से बचाव के लिए विशेषज्ञ सफाई पर ध्यान देने की बात करते रहे हैं लेकिन अमेरिका में यह सलाह लोगों की मुसीबत का भी कारण बन रही है। अमेरिका के जहर केंद्रों में इस साल आने वाले मामलों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक सफाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल्स और सैनिटाइजर की इसमें बड़ी भूमिका है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेन्शन विभाग की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि जनवरी से लेकर मार्च के बीच अमेरिका के जहर केंद्रों पर 45 हजार से ज्यादा कॉल आई जिसमें सफाई करने वाले केमिकल से लोगों को खतरा हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 37 हजार के करीब था। खास बात ये है कि इन आंकड़ों में तेजी मार्च के महीने में देखने को मिली जब अमेरिका के अधिकतर हिस्से में लॉकडाउन है।

### किम जोंग उन की सेहत संबंधी खबरों पर ट्रंप ने उनकी बेहतरी की कामना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की ''बेहतरी'' की कामना की हालांकि उन्होंने उन की सेहत के बारे में सीधे कोई टिप्पणी नहीं की। गौरतलब है कि खबरें आई थी कि उन की एक गंभीर सर्जरी हुई है। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ''मैं उनके बेहतर होने की कामना करता हूं।'' साथ ही यह भी कहा कि उत्तर कोरिया के नेता के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। ट्रंप ने कहा, ''जैसा कि रिपोर्टों, खबरों में बता रहे हैं अगर उनकी हालत वैसी ही है तो यह बहुत ही गंभीर स्थिति है।'

### खाली स्टेडियमों में होगा दक्षिण कोरिया का बेसबॉल सत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरियाई बेसबॉल लीग ने घोषणा की है कि वह अपने सत्र की शुरूआत पांच मई से करेगी और सत्र के पूर्व मैच शुरू भी कर दिये हैं। लीग ने मंगलवार को दो सप्ताह के नुमाइशी और अभ्यास मैचों का आगाज किया। इसमें कोरियाई बेसबॉल संगठन की शीर्ष दस टीमें खेल रही है लेकिन दर्शकों को स्टेडियम के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं है। पहले दिन पांच मैच खेले गए। अंपायरों ने मास्क और दस्ताने पहने थे जबकि कोचों और टीम स्टाफ ने भी मास्क पहन रखे थे। खिलाड़ियों और एक कोच ने कैप पहनी थी जिस पर लिखा था 'कोरोना 19 आउट। यह लीग 28 मार्च से शुरू होनी थी लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण टल गई थी।

### कनाडा में गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या 23 हुईः पुलिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा की पुलिस ने बताया कि सप्ताहांत पर नोवा स्कोटिया प्रांत में हुई सामूहिक गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या 18 से बढ़कर 23 हो गई है। पुलिस ने बताया कि जलाए गए घरों और वाहनों से भी मानव शरीर के कुछ अवशेष मिले हैं। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने एक बयान में कहा, ''हमारा मानना है कि 23 लोगों की मौत हुई है जिनमें एक की उम्र 17 वर्ष है।'' उन्होंने बताया कि हमलावर ने कम से कम पांच घरों, इमारतों तथा वाहनों को आग लगाई।

### डोनाल्ड ट्रंप ने की किम के ठीक होने की कामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया के तानासाह किम जोंग उन की बीमारी की खबरों के बीच उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। हालांकि, ट्रंप ने इस बात की पुष्टि या खंडन नहीं किया है कि किम जोंग वाकई बीमारी हैं भी या नहीं। दरअसल, ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किम जोंग जिंदगी और मौत के बीच लड़ाई लड़ रहे हैं।

# कोरोना वाइरस को लेकर अमेरिका में चीन पर केस दर्ज

## वाइरस की जानकारी छिपाने, झूठ बोलने का आरोप

**आरोप**

- अमेरिका के राज्य मिजूरी की अदालत में दर्ज हुआ केस
- कोरोना ने दुनिया में सबसे ज्यादा जानें अमेरिका में लीं



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। कोरोना वायरस को लेकर अमेरिका चीन पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाता रहा है। अब यहां के एक राज्य ने चीन पर केस दर्ज कर दिया है। इस राज्य ने कहा है कि इससे दुनियाभर के देशों को ऐसा नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। कोरोना के कारण पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें अमेरिका में हुई हैं। यहां अब तक लोगों की मौत हो चुकी है।

ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट मिजूरी की एक अदालत में मिजूरी के अटर्नी जनरल एरिक शिमिट की ओर से चीन की सरकार, वहां की सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और दूसरे चीनी अधिकारियों और संस्थानों के खिलाफ अपनी तरह का पहला मुकदमा दायर किया गया है।

**छिपाई जानकारीः** इसमें आरोप लगाया गया है कि कोरोना वायरस के फैलने के शुरुआती अहम हफ्तों में चीन के अधिकारियों ने जनता को धोखा दिया, महत्वपूर्ण सूचनाओं को दबाया, इस बारे में जानकारी सामने लाने वालों को गिरफ्तार किया, पर्याप्त प्रमाण होने के बावजूद मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण की बात से इनकार किया, महत्वपूर्ण चिकित्सकीय अनुसंधानों को नष्ट किया, दसियों लाख लोगों को संक्रमण की जद में आने दिया और यहां तक कि निजी सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की जमाखोरी की जिससे महामारी वैश्विक हो गई।

**मिजूरी में हुआ है भारी नुकसान**

शिमिट ने कहा, कोविड–19 ने पूरी दुनिया के देशों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है जिससे बीमारी बढ़ी है, लोगों की मौत हुई है, आर्थिक नुकसान के साथ मानवीय क्षति हुई है। मिजूरी में वायरस का असर बहुत भारी है जहां हजारों लोग प्रभावित हुए हैं और कई मर चुके हैं। परिवार अपने प्रियजनों से बिछड़ गए हैं। छोटे कारोबार बंद हो रहे हैं और रोजाना कमाकर खाने वाले पेट भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**झूठ बोलने का आरोप**

उन्होंने आरोप लगाया, चीनी सरकार ने कोविड–19 के खतरे और संक्रामक प्रकृति के बारे में दुनिया से झूठ बोला, जो इसके खिलाफ आवाज उठा रहे थे, उनकी आवाज दबा दी और बीमारी को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। मुकदमे के अनुसार दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों के पास मनुष्यों के बीच संक्रमण के पर्याप्त प्रमाण थे।

## रमजान में भी मक्का–मदीना में नहीं पढ़ी जाएगी नमाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियाद। सऊदी अरब में मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ने पर रोक और बढ़ा दी गई है। सऊदी प्रशासन ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले ही रोक को बढ़ा दिया है।

लोग मक्का और मदीना स्थित दो बड़ी मस्जिदों में रमजान के महीने के दौरान भी नमाज नहीं पढ़ पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लिया गया है। इस महामारी से बचाव के लिए मक्का स्थित ग्रांड मस्जिद और मदीना स्थित प्रोफेट मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने पर रोक लगाई गई है।

**लाउडस्पीकर पर होगी नमाज**

मक्का की मस्जिद अल–हराम और अल मस्जिद अल–नबावी में रमजान के दौरान लाउड स्पीकर पर अजान की जाएगी, लेकिन इन मस्जिदों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। गौरतलब है कि इससे पहले सऊदी अरब ने 19 मार्च से ही देश की मस्जिदों में नमाज अदा करने पर रोक लगाई हुई थी।

सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती शेख अब्दुल अजीज बिन अब्दुल्ला अल–शेख ने लोगों से अपील की है कि रमजान के महीने में श्तरावीहश की नमाज के साथ ही ईद की नमाज को भी घर पर ही पढ़ें।



## दोगुनी हो सकती है पेट भर खाना ना पाने वालों की संख्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक खाद्य कार्यक्रम ने आगाह किया है कि कोरोनो वायरस महामारी से विश्व में भोजन के मोहताज लोगों की संख्या बढ़कर दोगुना हो सकती है। डब्ल्यूवीपी ने कहा कि उसका अनुमान है कि पेट भर भोजन न पाने वालों की संख्या वर्ष 2020 में बढ़कर 26.5 करोड़ हो सकती है। यह संख्या 2019 के 13.5 करोड़ से 13 करोड़ अधिक है। डब्ल्यूएफपी ने दुनिया भर में खाद्य संकट पर एक नई रिपोर्ट जारी की है। फूड क्राइसिस पर चौथी वार्षिक वैश्विक रिपोर्ट में पाया गया है कि कोरोना वायरस संकट के फैलने से पहले खाद्य असुरक्षा पिछले साल ही बढ़ रही थी।

## कोरोना के लिए टेस्ट किए गए इमरान खान, सेल्फ आइसोलेशन में गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को कोरोना वायरस के लिए टेस्ट किया गया है। वह एक शख्स के संपर्क में आए थे जो बाद में कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद उनका टेस्ट कराने का फैसला किया गया। जानकारी के मुताबिक इमरान को इसके बाद सेल्फ–आइसोलेशन में भेज दिया गया है। बता दें कि देश में अब तक 9749 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं जबकि 209 लोगों की मौत हो चुकी है।

**सेल्फ-आइसोलेशन में गए**

इमरान ने 15 अप्रैल को पाकिस्तान के प्रसिद्ध एधी

**कोरोना पॉजिटिव शख्स से संपर्क में आए थे खान**

फाउंडेशन के चीफ अब्द्दुल सत्द्तार एधी के बेटे फैसल एधी से मुलाकात की थी। फैसल बाद में कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसे देखते हुए इमरान का टेस्ट कराने का फैसला किया गया। उनके ऑफिस से उनका सैंपल ले लिया गया और बुधवार को उनके टेस्ट की रिपोर्ट आएगी। एहतियात के तौर पर पहले ही इमरान को सेल्फ–आइसोलेशन में रखा गया है।

**दूसरों की भी पहचान होगी**

फैसल के संपर्क में आने वाले दूसरे लोगों की पहचान करके उन्हें भी ब्वटपक–19 के लिए टेस्ट



किया जाएगा।

इससे पहले इमरान खान ने देशवासियों से अपील की कि वे नमाज संभव हो तो घरों में अदा करें और अगर मस्जिद जाना चाहते हैं तो वे सरकार और उलेमाओं के बीच हुए समझौते के तहत नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने नियमों का पालन नहीं किया तो मस्जिद बंद करना पड़ेगा।

## चीन में विदेशों से आए कोरोना वायरस संक्रमितों के मामले 1,600 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में कोविड–19 के 30 नए मामले सामने आए हैं जिनमें से ज्यादातर चीन के वे नागरिक हैं जो विदेशों से लौटे हैं। इसके साथ देश में विदेशों से आए संक्रमितों के मामले बढ़कर 1,610 हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच और उपचार सुविधाएं बढ़ा दी हैं। मंगलवार को संक्रमण के कारण किसी की मौत नहीं हुई और मृतकों का आंकड़ा 4,632 बना हुआ है। हालांकि पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 82,788 हो गई जिनमें से 1,005 मरीजों की मौत हो गई जबकि 77,151 लोगों को छुट्टी दे दी गई। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने यह जानकारी दी।

चीन में संक्रमितों के 30 नए मामले सामने आए, जिनमें 23 लोग विदेशों से आए संक्रमित हैं और ऐसे मामले बढ़कर 1,610 हो गए। विदेशों से आए संक्रमितों के कुल मामलों में से 811 का इलाज चल रहा है और 41 लोगों की हालत गंभीर है। मंगलवार को ऐसे 42 मामले आए जिनमें मरीज में रोग के कोई लक्षण नहीं हैं और ऐसे कुल 991 मामले हैं।